# भाषा सहायता सेवाएं

www.rtd-denver.com/language-access

Language.services@rtd-denver.com

303.299.6000


# अपने इंटरनेट ब्राउज़र की भाषा कैसे बदलें


Google Chrome ........................................ 1
Mozilla Firefox ........................................ 3
Microsoft Edge ........................................ 5
Apple Safari ........................................ 9


## Google Chrome


1. Google Chrome ब्राउज़र खोलें।
2. विंडो के ऊपरी दायें कोने में ⋮ आइकन पर क्लिक करें।
3. उसके बाद दिखने वाले ड्रॉप-डाउन मेनू से, **Settings** का चयन करें।
4. अगले विंडो में Advanced ड्रॉप-डाउन पर क्लिक करें।
5. *Languages*सेक्शन पर क्लिक करें।

6. *Language*सेक्शन में, *Language*विकल्प के दाहिनी ओर **नीचे के तीर** को क्लिक करें।





7. उसके बाद दिखने वाले मेनू में, Add languages लिंक को क्लिक करें।

8. अगली स्क्रीन में, एक या अधिक भाषा(एं) (A) के आगे वाले चेकबॉक्स को क्लिक करें, और फिर **Add** बटन (B) को क्लिक करें।




9. आपकी नई चयनित भाषाएं *भाषा* मेनू में दिखाई देनी चाहिए। एक को चुनने के लिए, भाषा के दाईं ओर के ⋮ आइकन को क्लिक करें और **Display Google Chrome in this language** के आगे वाले बॉक्स को चेक करें।




10. **Relaunch** को क्लिक करें या नई भाषा दिखाने के लिए अपने Chrome ब्राउज़र को बंद करें और फिर से खोलें।

## Mozilla Firefox


1. Mozilla Firefox ब्राउज़र खोलें


2. ब्राउज़र विंडो के ऊपरी-बाएं कोने में स्थित ≡ आइकन पर क्लिक करें।

3. उसके बाद दिखने वाले ड्रॉप-डाउन मेनू से **Settings** का चयन करें।
4. *Language*सेक्शन के अंदर, Choose... बटन को क्लिक करें।



5. विंडो में, **Select a language to add** पर क्लिक करें।








6. अपनी इच्छित भाषा (A) पर क्लिक करें, **Add** पर क्लिक करें, और फिर **OK** बटन (B) को क्लिक करें।


7. नई भाषा दिखाने के लिए अपने ब्राउज़र को फिर से स्टार्ट करें।

## Microsoft Edge


1. Microsoft Edge ब्राउज़र को खोलें।
2. ब्राउज़र की विंडो के ऊपरी दायें कोने पर**सेटिंग्स और अधिक आइकन** ⋯ पर क्लिक करें।
3. ड्रॉप-डाउन मेनू में, बिल्कुल नीचे **Settings** का चयन करें।


New tab Ctrl+T
New window Ctrl+N
New InPrivate window Ctrl+Shift+N
Zoom — 100% +
Favorites
History
Downloads Ctrl+J
Apps
Extensions
Collections
Print Ctrl+P
Share
Find on page Ctrl+F
Read aloud Ctrl+Shift+U
More tools
Settings
Help and feedback
Close Microsoft Edge


4. स्क्रीन के बाईं ओर *Settings*के तहत **Languages** पर क्लिक करें।




5. *Languages*सेक्शन के तहत, **Add languages** बटन क्लिक करें।



6. उसके बाद दिखने वाले पॉप-अप में, आप ब्राउज़र में जो भाषा देखना चाहते हैं उसका चयन करें और फिर **Add** बटन को क्लिक करें।





7. भाषाएं सेक्शन में वापस आकर, अपनी मनपसंद भाषा खोजें और दाहिनी ओर ··· आइकन पर क्लिक करें। फिर, **Display Microsoft Edge in this language** के आगे वाले बॉक्स को क्लिक करें।
8. 

बटन क्लिक करें या ब्राउज़र को बंद करें और फिर से चालू करें।


# Apple Safari

Safari macOS में एकीकृत है। फलस्वरूप, Safari में दिखाई जाने वाली भाषा को बदलने के लिए आपको अपनी Mac भाषा सेटिंग्स पर जाना चाहिए।


1. स्क्रीन के ऊपर बाएं कोने पर Apple मेनू खोलने के लिए Apple icon को क्लिक करें और **System Preferences** का चयन करें।





2. *System Preferences* विंडो में **Language & Region** को क्लिक करें।




3. *Language & Region* मेनू में, **Preferred Languages** के तहत, नीचे **+ चिन्ह** को क्लिक करें।



4. ड्रॉप-डाउन मेनू में, एक भाषा का चयन करें, और फिर **Add**बटन को क्लिक करें।




5. आपको नई भाषा पर स्विच करने के लिए कहा जाएगा। अगर नहीं, तो नई भाषा को पिछली स्क्रीन पर मेनू के टॉप पर क्लिक करके ड्रैग करें (चरण 3 में दिखाया गया है)।




6. नई भाषा सेटिंग को प्रभाव में लाने के लिए **Restart Now** बटन को पर क्लिक करें।

